(4)

<u>परियोजना का नाम</u> :– **जनपद पौडी गढवाल में प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के अर्न्तगत रौली से कुनेथ मोटर मार्ग (5.500 किमी) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

<u>प्रतिवेदन</u>

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मन्त्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आय और उत्पादन रोजगार अवसरों के अधिक मात्रा में सृजन एंव स्थायी रूप से गरीबी निवारण करने के उद्‌देश्य से पर्वतीय क्षेत्र में 250 से अधिक आवादी वाले असंयोजित बसावटों को किसी भी बारहमासी सम्पर्क मार्ग से जोड़ने का कार्यक्रम संचालित किया गया हैं। उक्त के क्रम में सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखंड शासन के पत्रांक 3128/पी3-14/ग्रा.आर.आर.डी.ए./15 दि0 13/2/2015 उत्तराखंड शासन द्वारा उपरोक्त मोटर मार्ग प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत अनुमोदित किया गया हैं।

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार बसावट कुनेथ (CC 644600, H120, Pop.471) की आवादी अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़ा है। उन्नत कृषि भूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है, परन्तु यातायात की सुविधा न होने से कास्तकारों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है साथ ही यातायात के साधन न होने से सरकार द्वारा घोषित् विभिन्न विकास कार्य भी क्षेत्र में सुगमता पूर्वक संचालित नहीं हो पाते है। अन्य रोजगार के साधन न होने से बेरोजगार युवाओं का शहरों की ओर पलायन हो रहा है। मोटर मार्ग निर्माण हो जाने से जहां युवाओं के लिए नये रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर ही उपल्वध हो सकेंगे, वहीं सरकार की विकास योजनायें भी सुगमता से संचालित हो सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्र में कास्तकारों की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त प्रकार की भूमि को वन भूमि श्रेंणी में ले लिया गया है। इस मार्ग के संरेखण में नाप भूमि **0.275** है0, सिविल सोयम भूमि **0.324** है0 एवं आरक्षित वन भूमि **4.351** है0, एवं मलवा निस्तारण हेतु सिविल सोयम भूमि **0.293** तथा मलवा निस्तारण हेतु नाप भूमि **0.420** है प्रभावित हो रही है जो न्यूनतम एवं अपरिहार्य है, जिसका भूमि हस्तान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त इस मार्ग के निर्माण हेतु **2** संरेखणों पर विचार किया गया है जिन्हें प्रस्ताव में संलग्न इन्डैक्स मानचित्र में अलग–अलग रंग से दर्शाया गया है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए संरेखण **नं0 2** को निरस्त कर संरेखण **नं0 1** को अनुमोदित किया जाता है। इन दोनों का संरेखणों का भूवैज्ञानिक द्वारा भी निरीक्षण किया गया है एवं उनके द्वारा संरेखण **नं01** को मार्ग निर्माण हेतु तकनिकी, पर्यावरणीय एंव भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त पाया गया है। (प्रतिलिपि संलग्न है) अतः **5.500** कि0मी0 लम्बाई में ग्राम्य विकास विभाग के मानकों के अनुसार **9** मीटर चौड़ाइ में आने वाली आरक्षित वन भूमि **4.351** एवं सिविल सोयम वन भूमि **0.617** है0 प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना (ग्राम्य विकास विभाग) को हस्तान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

कनिष्ट अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई सिंचाई खण्ड, बैजरौ पौडी गढवाल	सहायक अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई सिंचाई खण्ड, बैजरौ पौडी गढवाल	अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई सिंचाई खण्ड, बैजरौ पौडी गढवाल